राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः– एफ.2 (क) (के–269) अलेसे– I /

दिनांकः– 26/02/2015

## कार्यालय आदेश

विभागीय आदेश संख्या 100/2014–15 दिनांक 28.10.2014 के द्वारा श्री कालूराम ज्योतिषी, सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड–I कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति, फागी, जयपुर से निदेशक स्वैच्छिक क्षेत्र विकास केन्द्र, जयपुर मे स्थानान्तरित करते हुए निर्देशित किया गया था कि वे अपने वर्तमान पदस्थापन स्थान से कार्यमुक्त होकर कार्यग्रहण काल का उपभोग किये बिना तत्काल नवीन पदस्थापन स्थान पर आवश्यक रूप से कार्यग्रहण कर सूचना अविलम्ब फैक्स/विभागीय ई–मेल पर इस विभाग को भिजवावें, परन्तु श्री ज्योतिषी ने आदिनांक तक नवपदस्थापित कार्यालय में कार्यग्रहण नहीं किया है।

अतः श्री कालूराम ज्योतिषी, सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड–I को निदेशालय स्तर से तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त करते हुए निर्देश दिये जाते है कि नवीन पदस्थापित कार्यालय में दिनांक 02.03.2015 तक कार्यग्रहण करके दूरभाष/फैक्स के माध्यम से निदेशालय को अवगत करावें। अवहेलना कि स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जावेगी।

(भास्कर शर्मा)
निदेशक

क्रमांकः– एफ.2 (क) (के–269) अलेसे– I/8391–8395 दिनांकः– 26/02/15

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. विकास अधिकारी पंचायत समिति, फागी, जयपुर।
2. निदेशक स्वैच्छिक क्षेत्र विकास केन्द्र, जयपुर।
3. श्री कालूराम ज्योतिषी, सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड–I कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति, फागी, जयपुर
4. उपनिदेशक(एसीपी), कम्प्यूटर शाखा को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. वरिष्ठ निजी सहायक, निदेशक महोदय।
6. निजी पत्रावली/गार्ड फाइल।

(के.एम. मीणा)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक– I)